हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 रैकी कर चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय और वाहन...



07 आत्मनिर्भर भारत, संकल्प अभियान के तहत महिला...



### कृष्ण योगेश्वर गोशाला बरगडी में चल रही श्री गो कृपा कथा

# बेटी तो साक्षात लक्ष्मी का रूप है : संत गोपालानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







अपने जीवन का अधिकतम समय गोमाता की सेवा में लगाएं ताकि इहलोक के साथ-साथ अपना परलोक भी सुधर जाए। गाय माता मानव कल्याण के लिए ही धरती पर अवतरित हुई है। बेटी साक्षात लक्ष्मी का रूप होती है, इसलिए लक्ष्मी के घर आने पर खुशी मनाना चाहिए न की मातम।

बड़ौद जनपद क्षेत्र में स्थित श्री कृष्ण योगेश्वर गोशाला बरगडी में चल रहे एकादश दिवसीय गो नवरात्रि महोत्सव के सप्तम दिवस एवं श्री गोकृपा कथा के षष्ठम दिवस पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए गो पर्यावरण एवं अध्यात्म चेतना पदयात्रा के प्रणेता एवं गोपाल परिवार संघ के संस्थापक ग्वाल संत स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज ने यह बात कही गई। स्वामीजी ने भगवत के अर्थ के बारे में बताते हुए कहा कि भागवत का अर्थ ही भक्त होता है, अर्थात भागवत भक्तों की कथा है।

स्वामीजी ने बताया कि आजकल सनातन समाज बेटे बेटियों में भेदभाव कर रहा है अर्थात बेटे के जन्म पर तो खुशियां मनाई जाती हैं और बेटी के पैदा होने पर मातम। यानि बेटे के पैदा होने पर थाली बजाई जाती है और बेटी के पैदा होने पर सूपड़ा यानि बेटी के पैदा होने पर जो सूपड़ा बजाता है उसका भी एक दिन सूपड़ा साफ हो जाता है,जबकि बेटी तो साक्षात लक्ष्मी का रूप होती है। इसलिए लक्ष्मी के घर आने पर खुशी मनाना चाहिए न कि मातम।

**गोमाता को राष्ट्रमाता बनाना है : बृजबिहारी :** गो नवरात्रि महामहोत्सव के सप्तम दिवस पर बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण महाराज के दिव्य दरबार में महाराज ने बताया कि पर्चा तो एक बहाना है, असली उद्देश्य तो गोमाता को राष्ट्रमाता बनाना है। क्योंकि देवताओं की देवता कही जाने वाली गोमाता आज दर दर की ठोकरें खा रही है, इसलिए वर्तमान समय में सबसे बड़ी आवश्यकता गोमाता को सुरक्षा,सेवा एवं सम्मान मिले इसके लिए समाज को संगठित होकर संयुक्त रूप से भगवती गोमाता को सम्मान दिलाने के लिए आगे आना होगा और पुण्य भूमि भारत में गो हत्या का प्रयत्न करने वाले को फांसी की सजा हो ऐसा भारत सरकार को कानून बनाना चाहिए। दिव्य दरबार में महाराजजी ने अनेक पुरुषों एवं माताओं की समस्याओं का समाधान पर्चा निकाल कर किया। गो कृपा कथा के षष्ठम दिवस पर ग्राम माल्या एवं बरगड़ी ग्राम के समस्त ग्रामवासियों की और से सैंकड़ों मातृशक्ति,युवा एवं बुजुर्गो ने भगवती गोमाता को चुनरी ओढ़ाई और अंत में सभी गो प्रेमियों ने यज्ञ शाला की परिक्रमा कर गो व्रती महाप्रसादी ग्रहण की।

### समाज की टीम ग्राम-ग्राम पहुंच कर दे रही आमंत्रण

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली जाएगी वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को पाटीदार समाज संगठन जिला आगर मालवा द्वारा एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर में 31 अक्टूबर को वाहन रैली निकाली जाएगी। वहीं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समाज की टीम द्वारा ग्राम-ग्राम पहुंचकर समाज जनों को वाहन रैली में भाग लेने आमंत्रण दिए जा रहे हैं। पाटीदार समाज संगठन तहसील नलखेड़ा द्वारा सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर आमला रोड गुदरावन से नगर में वाहन रैली निकाली जाएगी। जो प्रमुख मार्गो से होती हुई आस्था एकेडमी भैसोदा रोड नलखेड़ा पहुंचेगी जहां समापन कार्यक्रम के साथ संगोष्ठी भी होगी। 31 अक्टूबर को होने वाली वाहन रैली के लिए समाज की टीम द्वारा ग्राम खेला गांव, टोलकिया खेड़ी, पीलवास कोहडिया एवं मनासा सहित कई ग्रामों में पहुंचकर घर-घर जाकर नलखेड़ा आने का आग्रह किया।

## खबर संक्षेप में

### रात में हुई वर्षा, दिनभर छाए रहे बादल

**नलखेड़ा।** नगर सहित आसपास के ग्रामों में सोमवार दिन में वर्षा के बाद रात्रि में भी वर्षा हुई। मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे। ठंडी हवाओं से मौसम सर्द हो गया है। नगर में सोमवार दिन में वर्षा होने के बाद रात्रि के समय फिर से वर्षा हुई। वहीं मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे जिसके चलते सूर्य के दर्शन भी नहीं हुए। सोमवार को मावठे की वर्षा के बाद चली ठंडी हवाएं मंगलवार को भी चलती रही। जिसके चलते मौसम सर्द हो गया। मौसम में ठंडक घुलने के साथ ही नागरिकों द्वारा गर्म ऊनी वस्त्र निकालना प्रारंभ कर दिया है। मंगलवार को सर्द हवाओं के प्रकोप से बचने के लिए कई लोग गर्म वस्त्र धारण किए नजर आए। जानकारी के अनुसार तहसील में मंगलवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे में 22 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अभी तक तहसील में 1008 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### राज्य स्तरीय फ्री स्टाइल डायमंड ने हासिल की जीत

**सीहोर।** गत दिनों जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले शहर के प्रतिभाशाली कुश्ती खिलाड़ी डायमंड संधानी ने उज्जैन में 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जीत हासिल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए निजी स्कूल के अजीत सिंह ने बताया कि डायमंड संधानी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आ रहे है। शहर के एक निजी स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थी है और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। उनकी इस कामयाबी पर स्कूल की प्राचार्य मनीषा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, विष्णु प्रजापति, रमेश आहुजा, रतन आसुदानी, नरेश आसुदानी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, हरीशचंद्र आर्य आदि ने 13 वर्षीय डायमंड को बधाई दी।

### विद्यार्थियों को दिलाई गई तंबाकू से बचने की शपथ

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत सीहोर के उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों को तंबाकू से बचाव के लिए शपथ दिलाई गई। नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और तंबाकू से स्वयं को एवं अपने समाज को बचाने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू से होने वाली बीमारियों से बचाना और जागरूक करना है।

# 10 लाख की चोरी से आहत माहेश्वरी समाज ने विधायक व पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर की नेहरू कॉलोनी में खुशबू ज्वेलर्स के मालिक राजू झंवर के घर हुई 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात की चोरी की घटना के बाद माहेश्वरी समाज में पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा अब तक चोरों के गिरोह का कोई सुराग नहीं लगाए जा सकने के कारण सोमवार को समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पीड़ित परिवार के सदस्यों ने सीधे विधायक सुदेश राय और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में समाज ने विधायक से मांग की कि नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर तत्काल अंकुश लगाया जाए और राजू झंवर के यहां हुई बड़ी चोरी के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

विधायक सुदेश राय ने माहेश्वरी समाज के लोगों से मुलाकात के दौरान कहा कि शहर में बढ़ती चोरियों की वारदातें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने नागरिकों से भी सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा, सब कुछ पुलिस के भरोसे भी नहीं छोड़ा जा सकता है, नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा। विधायक ने समाज को आश्वस्त किया कि वह जल्द ही पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र के साथ-साथ रात्रि गश्त को और भी मजबूत बनाने तथा चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के लोगों की गिरफ्तारी के संबंध में वह पुलिस अधीक्षक से चर्चा करेंगे। इधर समाजजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला को भी ज्ञापन सौंपा है।




### स्टेट मास्ट्स गेम्स प्रतियोगिता 9 व 10 नवंबर को उज्जैन में

**सीहोर।** स्टेट मास्ट्स गेम्स उज्जैन में 6 वी स्टेट मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता 9 व 10 नवम्बर 2025 को उज्जैन के महानन्दा खेल एरिना में आयोजित होगी। मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन सीहोर की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बताया कि मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में 30 से 35 वर्ष, 35 से 40 वर्ष से पांच के अंतराल के साथ 90 वर्ष के आयु समूह में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन, पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, वालीबॉल, आर्म रेस्लिंग, फुटबॉल, हॉकी आदि खेलों के मुकाबले आयोजित होगें। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिनांक 9 नवम्बर से पहले होमगार्ड ग्राउण्ड मंडी सीहोर पर पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# संसार में भोगों को भोगते हुए जो जीवन जीता है उसको शुभ उपयोग की प्राप्ति नहीं होती : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जिनवाणी का जो श्रवण करता है, उसकों आत्मा का असीम आनंद प्राप्त होता है। जिसको जिनवाणी के श्रवण में आनंद नहीं आता है, इसका मतलब है उसकी इसमें रुचि नहीं है। हम सब प्रतिदिन गुरु के श्रीमुख से जिनवाणी का श्रवण कर अपनी आत्मा का कल्याण रहे हैं। जो जीव संसार में रहते हुए भोगों को भोगते हुए जीवन जीता है उसको शुभ उपयोग की प्राप्ति नहीं होती है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि जिसको प्रवचन में आनंद आ रहा है, इसका मतलब है हमारा संसार कम हो रहा है। लेकिन आज लोगों में धर्म की बात सुनने का भाव नहीं बन पाता बुराइयां सुनने का भाव आता है। जीवन में धर्म के प्रति रुचि नहीं होने से हिंसा का भाव, परिग्रह का भाव, चोरी का भाव आता है। यह सब अशुभ उपयोग के भाव हैं व शुभ ज्ञान है। इससे बचने का प्रयत्न करना चाहिए। शुभ भाव का व्यक्ति धीरे-धीरे धर्म की ओर आगे बढ़ जाता है। और उसको पुण्य का बंध होता है। उन्होंने कहा कि यदि अभव्य जीव शुभ उपयोग कर धर्म का श्रवण करता है, मंदिर आता है, पूजा करता है तो निश्चित ही वहां अपनी आत्मा का कल्याण करता है। सम्यकत्व भी देव आयु में कर्म का बंध का कारण होता है। सम्यकत्व के कारण व्यक्ति सातवें नरक से पहले नरक में आ सकता है। एवं कई दुःखों से बच सकता है। उपयोग शुभ होने पर भी अशुभ उपयोग करने पर अशुभ बन सकता है।

मुनि श्री ने राजा श्रेणिक व उनके पुत्र का वृतांत सुनाया कि किस प्रकार पिता को पुत्र ने जेल में डाल दिया पूर्व कर्म के उदय से ऐसा होता है। कई लोगों के यहां पुत्र का जन्म होता है। वह हिंसक हो सकता है। आपसे दुश्मनी या वैरभाव निकालने वाला हो सकता है। कोई लूला, लंगड़ा, मुक बधिर, मानसिक विकलांग हो सकता है। यह सब पूर्व जन्म के कर्म के कारण होता है। उन्होंने बताया कि सम्यक दृष्टि जीव भी अपने कुटुंब जनों के प्रति राग होता है। लेकिन जैसे ही उसको यहां बोध होता है वहां वापस आत्मा के कल्याण में लग जाता है। जैसे कमल भी कीचड़ में रहते हुए भी उसमें अलिप्त रहता है। उस पर कीचड़ ठहरता नहीं है ऐसा ही सम्यक दृष्टि जीव होता है। जो व्यक्ति सुख और दुख में समभाव, समता भाव रखते हैं। ऐसे मुनि शुद्ध उपयोगी होते हैं।

# सायबर अपराध से बचाव के लिए व्यापारियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा




पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सायबर जागरूकता माह अंतर्गत थाना क्षेत्र में निरंतर सघन सायबर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सायबर अपराधों से सतर्क करना और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है। इसी क्रम में मंगलवार को सउनि आशा लकवाल व पुलिस टीम द्वारा नगर में स्थानीय व्यापारियों, यात्रियों एवं आमजन को सायबर अपराधों के प्रकारों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

टीम ने बताया कि सायबर अपराधी अक्सर सोशल मीडिया फिशिंग कॉल फेक वेबसाइट एप फाइल डाउनलोड और सिम स्वैपिंग जैसी तकनीकों के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी करते हैं। नागरिकों को समझाया गया कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी को साझा न करें और संदिग्ध कॉल या ऑफर से सतर्क रहें। साथ ही पुलिस टीम ने सभी नागरिकों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति सायबर ठगी का शिकार हो जाए तो तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। त्वरित कार्रवाई से ठगी गई राशि की रिकवरी की संभावना बढ़ जाती है।

### मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना व बाल यौन अपराध पर जागरुकता शिविर

# 'कानून के प्रति बच्चों में जागरुकता की कमी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रेषित कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के पालन में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान के निर्देशन में सोमवार को केन्द्रीय विद्यालय आगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अश्विनी सिंह न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा एवं विशेष अतिथि के रूप में प्रियंका चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से बाल यौन अपराधों पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि अश्विनी सिंह ने बताया कि बच्चों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं कर्तव्यों का बोध कराने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के अंतर्गत बच्चों को बाल न्यायालय में विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बाल यौन अपराधों से संरक्षण हेतु लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 बनाया गया है, किन्तु कठोर कानून होने के बाबजूद भी अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसका मुख्य कारण कानून के प्रति बच्चों में जागरूकता की कमी, बच्चों के द्वारा जाने अनजाने में इस प्रकार के अपराध घटित न हो इसलिए विधिक जानकारी दी जा रही है।

इसके अतिरिक्त मोबाईल के दुरूपयोग एवं मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। प्रियंका चौहान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आगर मालवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिना हेलमेट बिना लाइसेंस के वाहन चलाना कानूनी अपराध है कोई भी व्यक्ति यह बचाब नहीं ले सकता है कि उसे कानून की जानकारी नहीं थी क्योंकि कानून विधि की भूल को क्षमा नहीं करता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का परिचय देते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय की स्थापना की गई है जो असहाय पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य करती है। पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता के साथ ही सपोर्ट पर्सन एवं प्रतिकर राशि भी दिलाई जाती है। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### आबकारी उपनिरीक्षक पटेल बने सहायक जिला आबकारी अधिकारी



**देवास।** राज्य शासन ने आबकारी विभाग में फेरबदल करते हुए इंदौर में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक महेश पटेल को देवास जिले में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के पद पर पदस्थापना दी गई है। पटेल पूर्व में भी जिले में आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जिले में उनकी नई भूमिका जिले के आबकारी व्यवस्थापन और राजस्व संग्रहण में रहेंगी।

### फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बागली।** थाना कमलापुर पुलिस द्वारा आपरेशन हवालात के तहत स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट अपराध में 5 वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 151/19 धारा आर्म्स एक्ट में 5 वर्षों से पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा था। स्थाई वारंटी आरोपी मनीराम पिता रूग्गा बंजारा उम्र 40 साल निवासी श्यालखेड़ी को इंदौर के राउ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।उक्त आरोपी को काफी प्रयासो के बाद लगातार तकनीकी सहायता एवं मुखबिर की विश्वसनिय सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक उपेंद्र नाहर, प्रधानारक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रआर राजेंद्र शर्मा, आरक्षक अरुण वर्मा का सराहनीय योगदान रहा है।

### पुलिस ने तीन चोरियों की घटनाओं में 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# रैकी कर चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय और वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत जनसहयोग से लगे सीसीटीव्ही कैमरों मे कैद हुए आरोपी,एक साथ मिली तीन सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




दिनदहाड़े रैकी कर अलग – अलग सूने मकानों मे चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय गिरोह एवं एक वाहन चोर गिरोह का देवास पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में लगातार कार्यवाही कर तीन घटनाओं में संलिप्त आरोपियो की धड़पकड़ की गई है। तीनों ही घटना में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पहली घटना में थाना कोतवाली पर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि कोई अज्ञात व्यक्ति लक्ष्मण नगर देवास से मारुती वेन को चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक अपराध क्रमांक 647/01.09.2025 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरी गई मारुती वैन देखी गई एवं आरोपी रफीक पिता हुसैन शाह उम्र 51 साल निवासी लंगापुरा थाना आष्टा जिला सिहोर को वाहन सहित गिरफ्तार किया गया । पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी गई मारुती वैन जिसकी अनुमानित कीमत चार लाख को जप्त कर आरोपी रफीक पिता हुसैन शाह उम्र 51 साल निवासी लंगापुरा, थाना आष्टा जिला सिहोर को गिरफ्तार किया गया। अपराधी पर अलग अलग धाराओं में लगभग 19 अपराध दर्ज है। वही दूसरी घटना में थाना कोतवाली पर आकर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका मकान नावेल्टी चौराहा के पास है। फरियादी अपनी परिवार के साथ कही बाहर गया था इसी दौरान सुने मकान से कोई अज्ञात बदमाश सोने-चांदी के आभूषण सहित लगभग 10 लाख रूपये चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 767/23.10.25 धारा 305(ए),331(4) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत देवास पुलिस द्वारा जनसहयोग से लगाये जा रहे सीसीटीव्ही फुटेज मे आरोपियो द्वारा घटना कारित करना कैद हुआ । सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा आरोपी अमजद पिता अहमद हुसैन को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि उसने चोरी का आधा माल स्वयं के पास एवं आधा उज्जैन के सुनार कमल सोनी को बेचना बताया। आरोपी कमल सोनी को उज्जैन से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया मश्रुका जब्त किया गया।

आरोपी अमजद पिता अहमद हुसैन आदतन अपराधी है जिस पर पूर्व से 21 अपराध पंजीबद्व है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चांदी की थाली 02,चांदी के लोटे 02,चांदी की कटोरी 05,चांदी के ग्लास 06,पुजा की थाली(तामण) 01,इत्रदानी चांदी की 01,गुलाबजल दानी चांदी की 01,कंदौरा चांदी का 01,सोने के कडे 02, सोने का हार 01, सोनी की अंगुठी 03,सोने के मोती 18,सोने की नथ 01 कीमत लगभग 10 लाख एवं 09 लाख की बैंक आफ इंडिया की एफडीआर सहित कुल 19 लाख का मश्रुका जब्त किया। तीसरी घटना में थाना कोतवाली पर आकर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका मकान शिवाजीनगर मोती बंगला के पास है । फरियादी अपनी परिवार के साथ कही बाहर गया था इसी दौरान सुने मकान से कोई अज्ञात बदमाश लगभग 50 हजार रूपये चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 1016/2024 धारा 331(4),305(ए) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत देवास पुलिस द्वारा जनसहयोग से लगाये जा रहे सीसीटीव्ही फुटेज मे आरोपियो द्वारा घटना कारित करना केद हुआ । सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया मश्रुका बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



पुलिस ने घटना में चोरी गए 50 हजार मश्रुका जब्त कर आरोपी जबरसिंह पिता हरसिंह निवासी ग्राम भटकुण्ड थाना सोनकच्छ जिला देवास, कालू पिता पारसिंह मीणा निवासी ग्राम भटकुण्ड थाना सोनकच्छ जिला देवास और बबलू पिता शेतान सिंह वसुनिया निवासी ग्राम भटकुण्ड थाना सोनकच्छ जिला देवास को गिरफ्तार किया।

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा,उनि जितेन्द्र यादव,उनि सचिन सोनगरा, प्रआर हेमंत डाबी,मनोज पटेल,सुनील देथलिया,नवीन देथलिया,रवि गरोडा,जितेन्द्र पटेल,गोपाल दोहरे,अर्पीत श्रीवास्तव,अनिल मणी,राकेश वर्मा,आर वैभव, सुजीत, नवीन, मनीष देथलिया,शिव वसुनिया,राजेश गुप्ता, मनीष, गोपाल ठाकुर, सुरज सिकरवार एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान व शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।

## बदहाल सिस्टमः रजिस्ट्री के लिए जाना पड़ता है देवास

### सप्ताह में एक बार आते हैं अधिकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली मुख्यालय पर संचालित एक मात्र उप पंजीयन कार्यालय भी अनदेखी का शिकार हो रहा है। जहां पर अव्यवस्था के चलते किसान परेशान हो रहे हैं। उक्त कार्यालय पर सप्ताह में एक बार ही रजिस्ट्री होती है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को भूमि संबंधित कार्य एवं रजिस्ट्री के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा अस्थाई रूप से उप पंजीयन कार्यालय पर पंजीयक की नियुक्ति नहीं किए जाने के कारण रजिस्ट्री के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सोनकच्छ में पदस्थ अधिकारी को यहां का चार्ज दे रखा है जो की सप्ताह में एक बार ही बागली आते हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार उप पंजीयन कार्यालय बागली के अंतर्गत तीन तहसील आती है। जहां पर बागली, उदयनगर, हाटपिपल्या तहसील की रजिसट्रियां होती है, लेकिन विगत कई दिनों से यहां के हालात बदहाल है। स्थाई रूप से अधिकारी की नियुक्ति न होने के कारण रजिस्ट्री कराने के लिए देवास जाना पड़ता है। बागली मुख्यालय से देवास मुख्यालय की दूरी 60 किमी है। वर्तमान में बताया जा रहा है कि बागली में अधिकारी ना होने के कारण भूमि की रजिस्ट्री करने के लिए देवास जाना पड़ रहा है, क्योंकि यहां पर स्थाई अधिकारी न होने के कारण रजिस्ट्री के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उदयनगर से देवास की दूरी 100 किमी है। नियमित रजिस्ट्री नहीं होने के कारण बागली अनुविभाग के राजस्व राशि में भी गिरावट आ रही है। साथ ही बागली मुख्यालय पर बैठे स्टाम्प ड्यूटी वेंडर के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। विगत दिनों मुख्यमंत्री भी बागली आए थे लेकिन किसी ने भी इस समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत नहीं कराया। भाजपा जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को इस समस्या से लिखित अवगत कराया गया है। जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### विजयवर्गीय आज करेंगे विकास कार्यों का लोकार्पण



**भौरासा।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गी आज सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। मंत्री विजयवर्गीय के दौरे को लेकर भव्य तैयारियां विधायक डॉ. राजेश सोनकर के नेतृत्व में की जा चुकी है। विजयवर्गीय का दौरा नगर परिषद भौरासा से शुरू होगा यहां पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन होगा। उसके बाद मंत्री विजयवर्गीय टोंकखुर्द में एसडीएम कार्यालय राजस्व के नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण, खरेली में हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण, चिडावद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण सहित अन्य गांव में भी विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि पूजन करेंगे। मंगलवार को नगर भौरासा में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के दौरे को लेकर सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने सभा स्थल का निरीक्षण भी किया।

## देवास बायपास मास्टर प्लान पर किसानों की आपत्तिः योजना में संशोधन की हो रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में प्रस्तावित नए मास्टर प्लान को लेकर बायपास किनारे खेती करने वाले किसान चिंतित हैं। योजना में बायपास की 45 मीटर चौड़ी भूमि को साढ़े बावीस मीटर ग्रीन बेल्ट और साढ़े बावीस मीटर सर्विस रोड में विभाजित कर दिया गया है, जबकि बायपास पहले से 60 मीटर चौड़ा है। किसानों ने इस निर्णय का विरोध करते हुए मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराने की मांग की।किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह को आवेदन सौंपा। इस दौरान किसानों ने कहा कि ग्रीन बेल्ट और सर्विस रोड के नाम पर उनकी उपजाऊ जमीन जा रही है।कलेक्टर ने किसानों को आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई और कहा कि प्रशासन उनकी आपत्ति पर नियमानुसार कार्रवाई करेगा। उन्होंने आगे मदद का भी भरोसा दिया।पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती ने कहा कि नए मास्टर प्लान में 45 मीटर की जगह को दो भागों में बांट दिया गया है।उन्होंने कहा कि पहले 2023 में जब मास्टर प्लान प्रस्तावित हुआ था, तब दोनों ओर 45-45 मीटर ग्रीन बेल्ट रखी गई थी। अब 45 मीटर को साढ़े बावीस मीटर ग्रीन बेल्ट और साढ़े बावीस मीटर सर्विस रोड में बांट दिया गया है। इससे छोटे किसानों की जमीन पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी।किसान अर्जुन चौधरी ने बताया कि पहले भी उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के लिए कम दामों में जमीन दी थी। अब नई योजना में बची हुई भूमि भी ग्रीन बेल्ट और सर्विस रोड में चली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर यह जमीन भी चली गई, तो हम किसानों के पास आजीविका का कोई साधन नहीं बचेगा

### निर्वाचक नामावली की पुनरीक्षण प्रक्रिया आज से शुरू

# दावे-आपत्ति के बाद होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक और पत्रकार वार्ता में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर से शुरू हुई एसआईआर की प्रकिया का समापन 07 फरवरी 2026 को होगा। इसके बाद 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का आखिरी प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, मास्टर ट्रेनर समीरा नईम, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।राजनीतिक दलों की बैठक और पत्रकार वार्ता में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मतदाता की पात्रता, एसआईआर की आवश्यकता, रजिस्टर मतदाता को वैरिफाई करने संबंधी जानकारी दी गई। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण में बीएलओ, सुपरवाइजर, ईआरओ कार्यवाही करेंगे। इस संबंध में सभी की नियुक्त भी कर दी गई है। सूची 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में तैयार की जाएगी। मतदाता सूची बीएलओ के पास उपलब्ध हैं। जिन निर्वाचक का नाम पिछले एसआईआर से नहीं मिल रहा है। उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। इस दौरान एसआईआर के प्रमुख चरणों, गणना प्रपत्र, दस्तावेजों की सांकेतिक सूची संबंधी जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों की बैठक और पत्रकार वार्ता में बताया गया कि दिनांक 28 अक्टूबर से 03 नवंबर तक मुद्रण और प्रशिक्षण, दिनांक 04 नवंबर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर गिनती करेंगे तथा फॉर्म देंगे। दिनांक 09 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 09 दिसंबर से 08 जनवरी 2026 तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे। दिनांक 09 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन किया जाएगा। और अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस दौरान नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। वोटर के लिए यूनिक एन्यूमरेशन फॉर्म प्रिंट किए गए हैं। बीएलओ हर मौजूदा वोटर को इफ बांटेंगे। वोटर को उनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम से मैच करने/ लिंक करने में मदद करेंगे। बीएलओ नए इलेक्टर को शामिल करने के लिए फॉर्म-6 और डिक्लेरेशन फॉर्म एकट्ठा करेंगे और मैचिंग/लिंकिंग में मदद करेंगे। वोटरों के घर जाकर उनसे संपर्क करेंगे।इस दौरान बताया गया कि एसआईआर के लिए 12 दस्तावेज मान्य किए गए हैं, जिनमें पेंशनर पहचान पत्र, किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड/यूनिवर्सिटी से जारी मैट्रिकुलेशन, एजुकेशनल सर्टिफिकेट , स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण- पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स में नाम, राज्य/ स्थानीय अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए परिवार रजिस्टर में नाम, जमीन या मकान आवंटन पत्र, आधार कार्ड हैं।



### स्वदेशी अपनाएं, भारत को आत्मनिर्भर बनाएं: राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला

# आत्मनिर्भर भारत, संकल्प अभियान के तहत महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन






हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आत्मनिर्भर भारत, सकंल्प अभियान के अंतर्गत एक भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला जी रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊँचाईयों को छू रहा है और एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प सभी साकार होगा जब मात्र शक्ति शिक्षित और स्वावलम्बी बनेगी। उन्होंने महिलाओं से समाज और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर महिला ही आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है।

उन्होंने जनपद की महिलाओं को लघु एवं कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतन प्रयासरत है, इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बैंकों से ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने नारी शक्ति से आह्वान किया कि वह अपनी संतानों को अच्छे संस्कार दें, आप अपनी संतान की प्रथम गुरु और आपका घर प्रथम विद्यालय है, उनको अच्छे संस्कार देकर देश का एक काबिल नागरिक बनाना है। ये संताने हमारे देश का भविष्य है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने अपने सम्बोधन में जोश के साथ मंच से मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे मा0 प्रधानमंत्री जी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत को संकल्प से सिद्धि करने हेतु संगठित होकर आगे आयें, जिससे भारत का गौरव विश्व पटल पर और अधिक बढ़ सके। उन्होंने महिला शक्ति से अपनी रसोई से लेकर दैनिक वस्तुओं तक स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि हम स्वदेशी अपनाकर अपने देश की जीडीपी बढ़ाने में महति योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कोरोना काल में भारत निर्मित वैक्सीन का जिक्र करते हुए लोगों में स्वदेश की शक्ति का एहसास कराते हुए जोश भरा। उन्होंने बताया कि आज दीपक से लेकर बह्नोस मिसाइल तक सभी हमारा देश बना रहा है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर देते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार की बेटी के जन्म से विवाह तक की अनेकों योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाएं किस प्रकार से स्वदेशी अपनाकर स्वयं आत्म निर्भर बन सकती हैं और देश को भी आत्म निर्भर बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि सभी भारत में निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। उन्होंने महिलाओं को उत्साहित करते हुए कहा कि पापड़ बनाना, आटा चक्की, सिलाई, बुनाई, आदि कुटीर उद्योग स्थापित करें। इसके लिए सरकार बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध करा रही है। उन्होंने स्वरोजगार से आत्म निर्भर भारत बनने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रावत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चित्रा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान सहित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों ने अपने सम्बोधन में आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रुचिका बुन्देला ने किया।

### जुगपुरा, नेहरूनगर में सबसे अधिक खराब हालात

# बारिश से कीचड़ में तब्दील हुईं सड़कें



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बीते रविवार की देर शाम से शुरू हुयी बारिश के बाद सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गयी हैं। लोगों को नारकीय जीवन की ओर धकेलने का कार्य भी जानबूझकर किया जा रहा है। महीनों तक सफाई न होने मिट्टी से भरी पड़ी नालियों के कारण कच्ची सड़कों पर बहता पानी लोगों की मुसीबत बना हुआ है।

लोगों को आवागमन में, बच्चों को स्कूल जाने और महिलाओं को भी कीचड़ युक्त सड़क से निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से जनहित में इस ओर ध्यान दिये जाने की गुहार लगायी है। सबसे अधिक खराब हालात शहर क्षेत्र के मोहल्ला जुगपुरा, नेहरू नगर में है, यहां सड़कें नगर पालिका बोर्ड में पास तो हो चुकी हैं, लेकिन टेण्डर न होने के चलते काम शुरू नहीं हो पा रहा है।

#### लोगों ने उठाई मांग

बारिश होने के बाद सोशल मीडिया पर अधिकांश तस्वीरें ऐसी भी वायरल हुयी हैं, जिनमें टूटी और गन्दगी से भरी पड़ी नालियों के कारण सड़क पर गन्दा पानी बह रहा है, जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावनाएं सर्वाधिक बलवती हो रहीं हैं। ऐसी स्थिति में नालियों को सही कराये जाने और गन्दगी को साफ कराये जाने की लोगों ने मांग उठायी है।

#### सफाई करने नहीं आते नगर पालिका के कर्मचारी

वार्ड नं. आठ जुगपुरा में कई गलियां ऐसी हैं, जहां महीनों तक कोई सफाई कर्मी आते ही नहीं हैं। वहीं कचरा गाड़ी भी इस गली में नहीं आती, जिस कारण लोग अपने घरों का सारा कचरा खुले प्लाटों पर फेंकने को विवश हैं। नाली न होने से जल निकासी नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। इस मामले में जब सम्बन्धितों से वार्ता की गयी तो उन्होंने जल्द ही समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया, लेकिन कार्यवाही अभी तक नहीं हो सकी है।

### चैकडेम के पास रोककर किया अधमरा, बाइक भी तोड़ी, एफआईआर

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैंरा में रहने वाले अनिल कुमार पुत्र हरदयाल लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती रात करीब 10 बजे वह महरौनी से अपने दोस्त गोविन्द पुत्र कमल लोधी के साथ अपने घर जा रहा था। वह गांव में स्थित चैकडेम के पास पहुंचा ही था कि तभी गांव में रहने वाले गोलू पुत्र भरत प्रताप सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिला और गालियां देने लगा। गालियां देने से मना करने पर उक्त लोगों ने लातघूसों व लाठियों से मारपीट शुरू कर दी। चीख-पुकार मचाने पर गोविन्द पुत्र कमल लोधी मौके पर आ गया, तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसकी मोटर साइकिल की भी तोडफ्रोड़ कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। कुछ समय पश्चात गांव के भानुप्रताप पुत्र राजाराम व राजेश सिंह पुत्र रूप सिंह आये और उन्हें घायलावस्था में उठाकर घर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली महरौनी पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मऊ में हुए खूनी संघर्ष मामले में दूसरी एफआईआर हुई दर्ज


### दूसरे पक्ष से महिला ने बतायी दिल-दहला देने वाला घटना

**ललितपुर।** विगत दिनों तालबेहट अंतर्गत ग्राम मऊ में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुये खूनी संघर्ष में दूसरे पक्ष की ओर से भी एफआईआर दर्ज की गयी है। पहले पक्ष की ओर से कुछ दिनों पहले ही एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। पुलिस दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

मऊ निवासी दिव्या राजे पत्नी चन्द्रप्रताप सिंह ने कोतवाली तालबेहट को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 24 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे उसके ससुर, पति, बहू व नाती घर मौजूद थे। तभी गांव के देवेन्द्र दुबे पुत्र रघुनन्दन, सुनील पुत्र कैलाश, गुडडू पुत्र रामेश्वर, चंचल पुत्र रामसहाय, अजय दुबे पुत्र सुखदेव, राघवेन्द्र उर्फ राहुल पुत्र हरीशंकर, अभिषेक उर्फ अंचल पुत्र रामसहाय, ब्रजेश पुत्र रामनिवास, सुमित पुत्र प्रमोद, बृजेन्द्र पुत्र रामजी, अंश दुबे पुत्र अवधशरण, जितेन्द्र दुबे पुत्र सियाराम दुबे, महेन्द्र पुत्र हरीशंकर, हरीराम पुत्र जयराम, शिवम पुत्र पुरुषोत्तम, अनिल पुत्र ज्वाला प्रसाद अपने साथ करीब 50 लोगों को सामूहिक रूप से एकत्र करके उसके घर आये। महिला का आरोप है कि सभी लोग हाथों में डण्डा, कुल्हाड़ी, तलवार, फरसा, हथौड़ा लिये थे और उसके घर आकर गालियां देने लगे। महिला ने बताया कि गालियां देते हुये ही उक्त लोगों ने हमला कर दिया और हथौड़े से घर की खिड़की, दरबाजा, तोड़े और घर में रखी तीन मोटर साइकिलें, एक ट्रैक्टर, कूलर आदि सामान तोडफ़ोड़ कर दिया और मारपीट कर दी, जिससे उसका बड़ा पुत्र चन्द्रप्रताप व बड़े लड़के को काफी चोटें आयीं हैं। महिला का आरोप है कि हमलावर नरसंहार करने की धमकी देते हुये चिल्ला रहे थे। घटना के दौरान ही डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस के पहुंचने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। महिला ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं।

### काली फिल्म, हूटर-बत्ती व स्टंटबाजों पर हुई कार्रवाई

# यातायात पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शहर भर में सघन चैकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने काली फिल्म, हूटर-बत्ती, फाल्टी नम्बर प्लेट व स्टंटबाजों पर चालानी कार्यवाही करते हुये लोगों को जागरूक भी किया। यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा विशेष चैकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों/ तिराहों पर यातायात पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन जैसे काली फिल्म, हूटर, बत्ती लगाना, गलत नम्बर प्लेट, वाहन पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द व स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान काली फिल्म लगाने वाले 17 वाहनों, हूटर लगाने वाले 2 वाहनों, बत्ती लगाने वाले 7 वाहनों, गलत नम्बर प्लेट वाले 31 वाहनों, वाहन पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द लिखने वाले 13 वाहनों और स्टंटबाजी करने वाले 5 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त कुल 03 वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी, टीएसआई अब्दुल नफीस के अलावा यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।





# खून की कमी से जूझ रही 15 वर्षीय बच्ची को रक्तदान किया

**ललितपुर।** मेडिकल कॉलेज में 15 वर्षीय बच्ची नेहरू नगर निवासी कीर्ति पुत्री रामकुमार को ब्लड की अत्यधिक कमी होने के कारण परिजनों ने भर्ती कराया। चिकित्सकों ने परिजनों से 3 यूनिट ब्लड उपलब्ध करने को कहा। क्योंकि परिजन पहले ही बच्ची को 2 यूनिट ब्लड दे चुके थे। एक यूनिट ब्लड की और आवश्यकता पड़ रही थी जिसके लिए परिजन परेशान हो रहे थे। बच्ची के परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति से संपर्क कर अपनी व्यथा सुनाई जिस पर समिति के सदस्यों ने रक्तदाता अरविंद पाल रानी मेडिकल वालों को सूचना दी समिति के सदस्य और रक्तदाता अरविंद पाल सहित मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर तत्काल 15 वर्षीय बच्ची को रक्तदान किया। बच्ची के परिजनों ने समिति एवं रक्तदाता अरविंद पाल का आभार प्रकट किया।

# झांसी-देवगढ़ मार्ग की बंद बसें शीघ्र चलवाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाखलौन

झांसी देवगढ़ मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसें विगत कई वर्षों से बंद हो गई है। उक्त रोडवेज बसों का परिचालन इस मार्ग पर बंद होने से तीर्थ यात्रियों पर्यटकों व स्थानीय लोगों को भारी यातायात परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। मालूम हो कि विगत वर्षों पूर्व लोहिया ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा झांसी देवगढ़ मार्ग पर दो रोडवेज बसें संचालित की गई थी, जिनके संचालन से झांसी ललितपुर मार्ग से होते हुए देवगढ़ आने वाले तीर्थ यात्री, पर्यटक व स्थानीय लोगों को आवागमन में सहूलियत होती थी, किंतु विगत वर्षों पूर्व उक्त रोडवेज बसों को बंद कर दिया गया। जिसका नतीजा है कि तीर्थ क्षेत्र और पर्यटन स्थल केन्द्र देवगढ़ के लिए आने वाले यात्रियों पर्यटकों को भारी यातायात परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। देवगढ़ से झांसी के लिए सीधे कोई बस नहीं है। उक्त रोडवेज बसें बंद होने से यात्रियों पर्यटकों ब स्थानीय लोगों को बहुत परेशानी हो रही है।

#### ललितपुर डिपो का शीघ्र शुभारंभ कराने की मांग

रोडवेज बसों का संचालन यात्रियों पर्यटकों और स्थानीय लोगों को मील का पत्थर साबित हो रही थी। जिन्हें परिवहन विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है। मालूम हो कि उक्त रोडवेज बसें झांसी डिपो से संचालित होती थी, जो ललितपुर डिपो के नाम से थी। किंतु अब ललितपुर डिपो भी बनकर तैयार हो गया है लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते ललितपुर डिपो से रोडवेज बसों का संचालन शुरू नहीं हो सका है। जिसका नतीजा है कि ललितपुर डिपो के नाम से संचालित होने वाली रोडवेज बसें झांसी डिपो से संचालित होकर अन्य जगहों के लिए चलाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ललितपुर डिपो को चालू कर दिया जाए और पूर्व से चलने वाली रोडवेज बसों को झांसी देवगढ़ मार्ग पर संचालित कर दिया जाए, तो यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों पर्यटकों की संख्या में भी इजाफा होने की पूरी पूरी संभावना है और यात्रियों पर्यटकों की संख्या बढऩे से स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों व क्षेत्रीय लोगों ने झांसी देवगढ़ मार्ग की रोडवेज बसें पूर्व की भांति चालू कराने ब ललितपुर डिपो से रोडवेज बसों का अविलंब संचालित कराए जाने की मांग जिलाधिकारी व क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग झांसी से की है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होंगी प्रतियोगिताएं

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेलजी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना नेमवि के तत्वावधान में 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने जाएंगे। इन कार्यक्रमों में 29 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता भारत की एकता एवं अखंडता में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान, 30 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11.30 पर पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सरदार बल्लभ भाई पटेल का जीवन दर्शन और 31 अक्टूबर को संगोष्ठी मध्याह्न 12 बजे हिंदी विभाग कक्ष में होगा और प्रतिभागी सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। नोडल अधिकारी डा. ओ.पी. चौधरी ने बताया कि सरदार पटेलजी की जयन्ती पर समस्त कार्यक्रम जनपद स्तर पर 29 से 31 अक्टूबर 2025 के मध्य आयोजित किया जाना है, जिसमें ललितपुर के विभिन्न महाविद्यालय, जिनमें नेहरू महाविद्यालय, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन राजकीय महाविद्यालय तालबेहट, पनारी स्थित महाविद्यालय, ककरूआ कॉलेज, महर्रा स्थित कॉलेज, श्रीदीपचंद चौधरी महाविद्यालय, छत्रपति शिवाजी एमएसडी महाविद्यालय पाली तथा इंद्रपाल सिंह महाविद्यालय, सुदर्शन डिग्री कालेज आदि सभी महाविद्यालय में सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# स्टोन क्रेशर में हादसा, चालक की मौत

**ललितपुर।** पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्रांतर्गत चीरा मार्ग स्थित एक स्टोन क्रेशर पर बड़ा हादसा हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली उतारते समय अनियंत्रित होकर वाहन पलट जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में चालक को साथी मजदूरों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान चालक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम थनवारा निवासी 40 वर्षीय सूरज सहरिया पुत्र मल्थू मंगलवार को निकटवर्ती ग्राम अमरपुरा स्थित एक पत्थर क्रेशर पर चार मजदूरों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गया था। दोपहर करीब एक बजे जब वह ट्रैक्टर-ट्रॉली को करीब 30 फीट गहरी खदान में रैंप के सहारे नीचे ले जा रहा था, तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सूरज ट्रॉली के नीचे दब गया। घटना की आवाज सुनते ही खदान में मौजूद मजदूर मौके पर पहुंचे और उसे निकालकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान सूरज ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन और खदान संचालकों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस समय क्रेशर पर काम बंद है, फिर भी वहां सुरक्षा मानकों के बिना गतिविधियां कैसे चल रही थीं। खदान में अवैध रूप से पत्थर निकाला जा रहा था। इसकी जांच की जा रही है।

# बुंदेलखंड प्रांत की शीघ्र घोषणा हो: भानु

### बुंदेलखंड में की जाएगी तीन हजार किमी की बैल गाड़ी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा द्वारा माह नवम्बर में प्रभु श्री रामराजा सरकार की नगरी से जन आक्रोश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मोर्चा का अपना मानना है कि जितै प्रभु राम राजा के रूप में विराजे हैं बा ओरछा खौं राजधानी बनाई जाए। बैलगाड़ियां से ओरछा, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, चित्रकूट, बाँदा, हमीरपुर, महोबा, उरई, दतिया, ललितपुर, सागर, दमोह, टीकमगढ़ एवं झाँसी जिले एवं ग्रामों में लगभग तीन माह तक ढाई हजार से ज्यादा किलोमीटर की यात्रा किया जाना प्रस्तावित है।

यात्रा के दौरान जिलों के बीच पड़ने वाले अनेक ग्रामों में पदयात्रा, चौपाल का आयोजन किया जायेगा तथा जिला मुख्यालय पर जिला अधिवक्ता संघ के साथ कार्यक्रम, बाजारों में मशाल, जुलूस एवं बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण समर्थक दलों एवं संगठनों से बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिये समर्थन जुटाया जायेगा। यात्रा के दौरान मार्ग में मिलने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान/सभापति एवं अन्य पदाधिकारियों से बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण आन्दोलन को चलाने के लिये दिशा निर्देश लिये जायेगे साथ ही उनसे निवेदन किया जायेगा कि बुन्देलखण्ड राज्य शीघ्र बनाया जाए, इस आशय का एक पत्र प्रधानमंत्री को लिखा जाए। बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा द्वारा बैलगाड़ियां से नवम्बर माह में की जाने वाली यात्रा प्रारम्भ किये जाने के पूर्व यात्रा मार्ग का सर्वे करने के लिए मोर्चा के पदाधिकारी निकले हैं। अत्याधिक वारिश होने की वजह से यात्रा का मार्ग कहाँ सुगम है और कहाँ पुलिया, सड़क आदि टूट जाने के कारण चलना दुष्कर होगा, इसका अध्ययन किया जा रहा है।

तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य वनवा देने का वचन दिया गया था। 12 साल होने को हैं परन्तु अभी तक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की कार्यवाही तक प्रारम्भ नहीं की गई है। वादा खिलाफी के विरोध में बुन्देलियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यह आक्रोश तभी ठण्डा होगा जब केन्द्र सरकार वादा पूरा कर बुन्देलखण्ड राज्य बना देगी। बैलगाड़ी से की जाने वाली जन आक्रोश यात्रा के दौरान बैलेट पेपर से जनमत संग्रह भी कराया जायेगा। दतिया से ललितपुर के सभी ग्रामों का सर्व किया गया एवं जिला अधिवक्ता संघ से पत्र प्रधानमंत्री को लिखवाया जा रहा है। यात्रा मार्ग का सर्वे पूर्ण हो जाने के बाद सभी बुन्देलियों को यात्रा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी कि किस तिथि को किस जिले में और किस गांव में कितने बजे यात्रा पहुंचेगी। गांवों का मार्ग सर्वे मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय, प्रवक्ता रघुराज शर्मा, हनीफ खान,की देखरेख मे की जा रही है।




# मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेलजी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन्स में मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता में पुलिस अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं रिक्रूट आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने दौड़ में अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और फिटनेस का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में उत्साह का वातावरण रहा।

### राष्ट्रीय मंसूरी समाज का तीसरा शादी सम्मेलन संपन्न

# सम्मेलन में कबूल है-कबूल है के साथ हुआ 20 जोड़ों का निकाह



**ललितपुर।** राष्ट्रीय मंसूरी समाज के बैनर तले तरह हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा सदनशाह ग्राउंड में शादी सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 20 जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ललितपुर जिले ही नहीं आसपास के जिलों से शादियां करने आए जोड़ो ने हजरत बाबा सदन शाह ग्राउंड में उन्हीं को साक्षी मानकर कहा कबूल है, कबूल है, कबूल है। आयोजन कमेटी के द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था एवं दूल्हा दुल्हन को उपहार दिए गए। लंगर द्वारा खाने का इंतजाम भी किया गया था। राष्ट्रीय मंसूरी समाज द्वारा 2023 में शुरू किया गया यह शादी सम्मेलन 26 अक्टूबर को तीसरा शादी सम्मेलन सम्मेलन हुआ। शादी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर स्नातक विधायक डा.मानसिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मंसूरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं अपना दल एस अल्पसंख्यक मोर्चे प्रदेश अध्यक्ष अहमद मंसूरी रहे। दोनों ने दूल्हा दुल्हन को हमेशा खुश रहने की दी दुआएं। वहीं राष्ट्रीय मंसूरी समाज के इस शादी सम्मेलन के सम्मेलन प्रभारी हामिद मंसूरी एवं उनकी पूरी टीम ने अगले सम्मेलन की भी घोषणा कर दी है, जो की 25 अक्टूबर 2026 में संपन्न होगा। राष्ट्रीय मंसूरी समाज के उत्तर प्रदेश युवा प्रभारी इमरान मंसूरी ने मंच संचालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि इस सम्मेलन का दिन प्रतिदिन ग्राफ बढ़ता ही चला जा रहा है। इसमें जुडऩे के लिए हर साल नए लोग आते हैं और इस सम्मेलन को कामयाब बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। वही इमरान मंसूरी ने बताया की शादी सम्मेलन में इंदौर, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, टीकमगढ़, झांसी, सागर, गुना, अशोकनगर जैसे जिलों से साथियों के लिए जोड़े आए थे, उनके लिए कमेटी द्वारा उचित व्यवस्थाएं की गई थी।

### सचिव विहीन पंचायतों का प्रभार जीआरएस को न सौंपने पर आक्रोशित हैं कर्मचारी

# बेमियादी हड़ताल पर जिले की सभी 622 पंचायतों के रोजगार सहायक

### मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी यह अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के सचिवीय अधिकार रोजगार सहायकों (जीआरएस) को सौंपे जाने के निर्देश सभी जिलों में प्रसारित कर रखे हैं। राजगढ़ जनपद सहित जिले की अन्य जनपदों में कई ऐसी पंचायतें हैं जहां पंचायत सचिव पदस्थ नहीं होने के चलते जनपदों द्वारा एक ही पंचायत सचिव को 2-2 पंचायतों का प्रभार दिया हुआ है। इसे विभाग के निर्देशों की सीधे-सीधे अवहेलना मानते हुए राजगढ़ जनपद के सभी जीआरएस विगत 13 अक्टूबर से कलमबंद हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल को जिले की अन्य जनपदों के सभी रोजगार सहायकों ने समर्थन देते हुए सोमवार से जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान कर दिया। इसके तहत जिले की सभी 622 पंचायतों के रोजगार सहायक सोमवार को मुख्यालय पर एकत्रित हुए और पहले अपनी मांगों का ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ के प्रतिनिधि को सौंपा। इसके उपरान्त सभी रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टेट पहुंचे और अपनी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

#### ये हैं रोजगार सहायकों की प्रमुख मांगे

ग्राम रोजगार सहायक संघटन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर सहित अन्य ब्लॉकों के अध्यक्षों ने बताया कि हमारी प्रमुख मांग है कि जिले में सचिव विहीन रिक्त ग्राम ग्राम पंचायतों में सचिवीय प्रभार ग्राम रोजगार सहायकों को सौंपा जाए। इसके साथ ही जनपद पंचायतों में अटैच रोजगार सहायकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया जाए। ग्राम रोजगार सहायकों से अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य न करवाए जाए एवं रोजगार सहायकों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करवाया जाए।

#### जिला पंचायत सीईओ से भी किया जा चुका है अनुरोध

जीआरएस संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि राजगढ़ ब्लॉक के साथी 13 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। गत 24 अक्टूबर को जिला पंचायत सीईओ से भी आगृह करते हुए 3 दिवस में मांगों का निराकरण किए जाने का अनुरोध किया गया था। इसके बावजूद उच्चाधिकारियों से की तरफ से सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के चलते 27 अक्टूबर से सभी जीआरएस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

#### ग्रामीण विकास विभाग के इस पत्र का दिया हवाला

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में मप्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 6 जुलाई 2013 को जारी पत्र का हवाला भी दिया गया है। उक्त पत्र उल्लेख है कि सचिव विहीन ग्राम पंचायतों के प्रभार रोजगार सहायकों को सौंपे जा सकते हैं। जिले में शासन के इन निर्देशों की अवहेलना को लेकर सभी पंचायत सचिवों ने बेमियादी हड़ताल शुरू की है।

# महिला को जान से मारने की धमकी देकर युवक ने किया दुष्कर्म

### कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस एवं प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद महिला अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के तहत रविवार रात्रि एक 34 वर्षीय महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए एक युवक ने उसके साथ दुराचार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने कोतवाली थाने में इस बारे में एफआईआर दर्ज करवाई है।

#### क्या है पूरा मामला

पीड़िता रविवार रात्रि अपने घर के समीप ही थी तभी गांव का युवक सुरेश पिता बनवारी तंवर आया और बहाना बनाते हुए महिला को मकान के पीछे ले गया। पीड़िता के अनुसार युवक उससे जबर्दस्ती करने लगा। उसने रोकने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी दी। बाद में किसी तरह पीड़िता घर पहुंचे और परिजनों को पूरी आपबीती बताई। इसके उपरान्त सभी कोतवाली थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुरेश तंवर पर धारा 87, 64, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की है। घटना के बाद से ही आरोपी सुरेश फरार है। टीआई अखिलेश वर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित करते हुए सरगर्मी से उसकी तलाश की जा रही है।

# सकल पंच फूलमाली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 9 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल पंच फूलमाली समाज सारंगपुर के तत्वावधान में 9 नवम्बर दिन रविवार को मां अंजनी मैरिज गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, कक्षा 5वीं, 8वीं में। ग्रेड, तथा 10वीं, 12वीं और स्नातक परीक्षा में 65ः या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज में तन, मन और धन से निरंतर सेवा देने वाले समाजसेवियों का भी विशेष सम्मान मंच से किया जाएगा ।जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से समाजसेवी आयोजन की तैयारियों में बढ़-चढ़कर सहयोग दे रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में सदस्य आकर श्रमदान, आर्थिक सहयोग और सेवा भाव से आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में हजारों समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने समाज नचसपजिउमदज में निरंतर योगदान दिया है।

समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवनारायण पुष्पद (काका) अध्यक्ष (सकल पंच फूलमाली समाज सारंगपुर), कैलाश भगत प्रेमनारायण पुष्पद (कीड़ी), कैलाशचंद्र वर्मा, रवि पुष्पद धनसिंह पुष्पद (भेरू दरवाजा तथा सचिव गोरीलाल पुष्पद एवं आयोजन समिति अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम का समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### समय-सीमा बैठक में तल्ख तेवर में नजर आए कलेक्टर

# उप संचालक कृषि पर 5 हजार का जुर्माना, एलडीएम पर भी कार्रवाई



**राजगढ़।** हर सोमवार आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के समाधान नहीं किए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इससे जिले की रैंकिंग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन मामले के निराकरण में लापरवाही पर उप-संचालक कृषि सचिन जैन पर जहां 5 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया वहीं एलडीएम पर कार्यवाही करने हेतु वित्त आयुक्त को कार्यवाही करने अनुशंसा की गई है। बैठक में ई-ऑफिस में लंबे समय से पेंडेंसी फाईलों का समाधान नहीं किए जाने पर सात कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए गए। इन अधिकारियों में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, कलेक्ट्रेट कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक भी शामिल हैं। साथ ही तहसीलदार ब्यावरा द्वारा ई-ऑफिस में 30 दिवस से अधिक समय तक लॉगिन नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

#### शिकायतों के समाधान में नहीं दिखाई रुचि

बैठक में बताया गया कि समाधान शिकायतों को अब टीएल बैठक में शामिल किया जाएगा ताकि उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित हो सके। साथ ही सितम्बर माह की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सहायक संचालक हथकरघा सुश्री दिव्या पंवार, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.के. ठाकुर का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा और वे शिकायतों के समाधान में सबसे नीचे रहे। कलेक्टर ने लंबित अवमानना प्रकरणों के उत्तर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पासपोर्ट कार्यालय और डाकघर भवन के स्थान का शीघ्र निर्धारण करने के निर्देश भी दिए।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पुलिस ने किया था नजरबंद

# जिपं अध्यक्ष से हुए दुव्र्यवहार पर दिग्विजय ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 18 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ब्यावरा में फसल क्षति का मुआवजा वितरण सहित भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रमों में शिरकत करने आए थे। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा छपवाए गए आमंत्रण पत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया का नाम भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल था।

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया को पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल पर जाने से बीच में रोकते हुए उन्हें कस्टडी में लेते हुए नजरबंद कर दिया था। जिपं अध्यक्ष के साथ हुए इस दुव्यवहार को लेकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखते हुए जिला प्रशासन जिपं अध्यक्ष चंदर सौंधिया के साथ किए गए इस व्यवहार की निंदा की है। पत्र में उल्लेख है कि राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त जिपं अध्यक्ष से पुलिस बल द्वारा किए गए अमानवीय व्यवहार ने पंचायतराज की आत्मा को लहुलुहान किया है।



फाइल फोटो

#### दोषियों पर कार्रवाई की रखी मांग

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ हुई उक्त घटना को अमानवीय और अपमान जनक व्यवहार करार देते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इसके साथ ही घटना में दोषी पाए जाने वाले प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्यवाही की मांग उन्होंने रखी है। पत्र में उल्लेख है कि जिला प्रशासन को इस कृत्य के लिए राज्यमंत्री दर्जाधारी चंदर सौंधिया से मांफी मांगनी चाहिए।

# औपचारिक बनकर रह गया खिलचीपुर जनपद में लगा दिव्यांग शिविर

### दोपहर बाद आए हितग्राही बिना पंजीयन के वापस लौटे

**खिलचीपुर।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सोमवार को खिलचीपुर के जनपद कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र ओर यूडी आईडी बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिषद व जनपद के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। शिविर में लगभग दोपहर 2 बजे ही उपस्थित डॉक्टर प्रियंका यादव, अभिषेक सिसोदिया, योगेश दांगी लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए गायब हो गए।



जनपद ओर नगर परिषद के कर्मचारी ही 2 बजे बाद दिखाई दिये ऐसे में दूर दराज से आए लोग अपने प्रमाण पत्र बनवाये बिना ही दबे पांव वापस हो गए। 15 किलोमीटर दूर सनखेड़ाकला गांव से आए रामगोपाल ने बताया कि शिविर में डॉक्टर साहब मौजूद नहीं है अब ऐसे में हम अपना विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए अब हमें राजगढ़ किराया खर्च कर मजदूरी खोटी कर जाकर प्रमाण पत्र बनवाना पड़ेगा ।

सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विजय सोनी ने बताया अभी कि शिविर में दोपहर तक करीबन 40 हितग्राहियों का पंजीयन हो चुका है, डाक्टर साहब चले गए तो हम क्या करें हम वरिष्ठ अधिकारी से थोड़ी मना कर सकते हैं। डॉक्टर साहब को वापस बुलाने हेतु सूचना भेजी जा रही है। शिविर में मौजूद कुछ हितग्राही बिना पंजीयन कराये प्रशासन को कोसते हुए वापस लौट गए।

### दिवाली मिलन समारोह का किया आयोजन

**जीरापुर।** पेंशनर्स संघ स्थानीय शाखा द्वारा पेंशनर्स भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद सहित समस्त उपस्थित पेंशनरों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सबके मंगलमय दीर्घायु जीवन की कामना की। जहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति एसडीएम आरएन कुशवाह मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्राचार्य बीएम गुप्ता एवं ठाकुर मोहनसिंह जमीदार चुन्नीलाल कुशवाह ने की।इस अवसर पर पेंशनर्स संघ ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चाएं की , जिसमें महंगाई भत्ता स्वीकृत होने , नवंबर में जीवित प्रमाण पत्र देने , दुर्घटना बीमा करवाने एवं पेंशनरों को बैंकिंग कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उस पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा अंत में विगत एक वर्ष में जो 10 पेंशनर दिवंगत हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पेंशनर पंडित श्यामसुंदर शर्मा, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, शमशेर खान, फरीद कुरैशी, रमेश शर्मा कृषि, जेसी गुप्ता, आरसी चैरसिया, अशरफ खान, सुरेश भावसार महिला मोर्चा की सदस्य एवं अन्य पेंशनर उपस्थित रहे जहां संचालन मोहनलाल पुष्पद ने किया।

### पांडव पंचमी पर पांडव महाराज की शोभायात्रा निकाली



**जीरापुर।** अखिल भारतीय बागरी समाज द्वारा नगर में श्री कृष्ण पांडव महाराज खाटू श्याम की शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से निकाली। नगर के आवास कॉलोनी छापी बांध के समीप स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज श्री खाटू श्याम मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा शुरू हुई मध्य रास्ते में श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वहीं समाज जन हर्षोल्लास से भजनो पर नाचते गाते चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सामाजिक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठ लोगों ने उद्बोधन देते हुए शिक्षा संगठन एवं सामाजिक उत्थान पर जोर दिया कहा कि समाज की उन्नति के लिए पूरा समाज एकजुट होकर प्रयास करें। इसके पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण कर सहभोज किया। समाज बंधु घीसालाल परमार, अभा आदिम महासंघ प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण गुजराती, रतलाम मोहनलाल लोकोपाइलेट, गणपतलाल, मांगीलाल, रघुनाथ, नंदराम, प्रभु लाल, तराना बनेसिंह परमार, सिद्धनाथ, सुरेंद्र, संतोष, बिरमसिंह दुर्गा लाल, भेरू सिंह, मदनलाल, कंवरलाल, जगदीश, दिलीप करूलाल, कमल सहित बड़ी संख्या में है महिला पुरुष शामिल हुए।

### भावांतर योजना में किसानों से लूट, मंडी अधिकारी की तत्परता से मिला न्याय



**सारंगपुर।** कृषि उपज मंडी सारंगपुर में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन बेचने पहुंचे एक किसान ने एक व्यापारी पर 300 ग्राम अधिक तौलकर माल काटने की शिकायत की। किसान ने मंडी अधिकारी को मौखिक रूप से बताया कि व्यापारी उसके सोयाबीन की तौल में गड़बड़ी कर रहा है। शिकायत मिलते ही मंडी अधिकारी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच की और व्यापारी को समझाइश देते हुए किसान को 300 ग्राम सोयाबीन के बराबर राशि लौटाने के निर्देश दिए, जिसके बाद किसान को उचित भुगतान कराया गया।वही किसानों का कहना है कि कुछ व्यापारी किसानों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने से नहीं चूकते, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। मंडी प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी व्यापारी द्वारा इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने मंडी अधिकारी की तत्परता की सराहना की और मांग की कि मंडी में नियमित निरीक्षण किया जाए ताकि इस तरह की लूट पर पूर्ण विराम लगाया जा सके।

### विधायक मिले जलावर्धन योजना के आयुक्त से कहा निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करें

# जल आवर्धन योजना में दो माह से नहीं मिल रहा नगर को पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में पिछले दो महीनों से नलजल योजना ठप पड़ी है। वर्ष 2017 में म.प्र सरकार के एम.पी.यू.डी.सी द्वारा स्वीकृत करोड़ो रूपए की जल आवर्धन योजना के अंतर्गत रियान वाटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कुरावर नगर के 15 ही वार्डों में पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन के माध्यम से हर घर नलों से शुद्ध जल देना था परन्तु पिछले दो महीनों से नगरवासियों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिसका प्रमुख कारण चैन सिंह सागर बांध से लगे ट्रांसफार्मर के वोल्टेज कम होने के कारण बार बार मोटर पम्प के जलजाने के चलते तकनीकी परेशानी आ रही है जिसे विभाग हल नहीं कर पा रहा है। समस्या को गंभीरता से लेकर सोमवार दोपहर नरसिंहगढ विधायक मोहन शर्मा ने भोपाल पहुंच कर एम.पी.यू.डी.सी कार्यालय आयुक्त गोस्वामी से मुलाकात की तथा नगरवासियों को शीघ्र ही जल आपूर्ति की बात कही। निर्माण एजेंसी के विरुद्ध मापदंड अनुसार कार्य न करने, निर्माण एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने और योजना को चैन सिंह सागर बांध की अपेक्षा पार्वती परियोजना से जोड़ने की बात कही। उन्होंन कहा की जनप्रतिनिधियों को सूचना दिये बिना आधी अधूरी योजना को नगर परिषद को सौंप दी। श्री शर्मा ने एम.पी.यू.डी.सी के माध्यम से सख्त कार्रवाई करने की बात कही । इस पर आयुक्त श्री गोस्वामी ने कहा कि 75ः योजना पूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए उसके बाद नगर परिषद को योजना हैंडोवर हुई है। इस मोके पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती सिंह राजपूत बिलहरी, अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला चंद्रवंशी, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, अनिल दरबार, सरपंच मनोज कलावत भी उपस्थित थे।



#### इनका कहना है...

हम एमपीयूडीसी की आयुक्त गोस्वामी से मिले हैं कुरावर नगर की जल आपूर्ति के संबंध में एवं निर्माण एजेंसी के द्वारा मापदंड अनुसार कार्य न करने पर उसे ब्लैकलिस्टेड व उसके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही है।

मोहन शर्मा
विधायक नरसिंहगढ़

# मीणा समाज सेवा संगठन जिला कार्यकारिणी घोषित



**कुरावर।** मीणा समाज सेवा संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को कुरावर स्थित निर्माणाधीन मीणा समाज धर्मशाला में कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष एवं कुरावर सरपंच बाबूलाल मीणा ने की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमकिशोर मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री बृजकिशोर मीणा, प्रदेश महामंत्री राधेश्याम पचवारा, वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश पचवारिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रेखा मीणा, प्रदेश प्रचार मंत्री श्रीमती बबली मीणा, शिक्षक विक्रम मीणा, उपेंद्र मीणा, सरपंच गोविंद मीणा, भारत मीणा, अशोक मीणा (कांकरिया), शिक्षक रामराज मीणा, युवा जिला अध्यक्ष दिनेश मीणा, लक्ष्मीनारायण पचवारा, महेश भंडारी, ओमप्रकाश मीणा, महिला जिला अध्यक्ष शीला मीणा, लखन मीणा (नरसिंहगढ़), रमेश मीणा और रामप्रसाद मीणा सहित अनेक समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।